# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Lecture on "Corporate Communication"**

**News Paper: Amar Ujala** **Date: 29-01-2022**

# सूचना तकनीकी के दौर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा संचार तंत्र : कुलपति

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन (निगमित संचार) पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत आयोजित इस व्याख्यान में मुख्य संरक्षक व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सूचना तकनीकी के दौर में संचार तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में निगमित संचार आज विभिन्न संस्थानों के लिए बेहद उपयोगी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास की मदद से विश्वविद्यालय के सहभागियों को निगमित संचार के विभिन्न पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा।

विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक प्रभारी आलेख एस नायक ने कार्यक्रम की शुरुआत में विषय का परिचय प्रस्तुत किया और विशेषज्ञ वक्ता से प्रतिभागियों का परिचय कराया। इसके पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आजाद भारत में विभिन्न क्षेत्रों में जारी बदलावों और भविष्य की योजनाओं को तैयार करने में यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता रजनी नागपाल ने कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन के विभिन्न पक्षों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि संचार क्रांति के इस समय में किस तरह से इसके माध्यम से संस्थागत संचार व्यवस्था को बेहतर बना लक्षित परिणामों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय शिक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डॉ. भारती बत्रा ने भी सहयोग प्रदान किया।



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय।

### कोरोना ने छात्रों का ही नहीं, शिक्षकों का भी तनाव बढ़ाया



प्रो. टंकेश्वर कुमार।

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में 'कोरोना महामारी और शैक्षणिक गतिविधियों व विद्यार्थियों पर इसके प्रभाव' पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में विशेषज्ञ वक्ता मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. अवतार सिंह रहे। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि कोरोना महामारी ने विद्यार्थियों ही नही, शिक्षकों का भी तनाव बढ़ाने का काम किया है। कुलपति ने यूनिसेफ की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि कोरोना से शिक्षा जगत और विद्यार्थी सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मेरी कामना है कि यह महामारी जल्द समाप्त हो और छात्र अपना सामान्य शैक्षणिक जीवन फिर से शुरू कर सकें। विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. दिनेश कुमार ने आयोजन की शुरुआत में विद्यार्थियों सहित सभी संकाय सदस्यों का डॉ. अवतार सिंह से परिचय कराया। डॉ. अवतार सिंह ने शैक्षणिक तनाव से कैसे दूर रहा जाए, पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कोरोना महामारी से प्रेरित अवसाद, शैक्षणिक तनाव के प्रकार, तनाव को प्रबंधित करने के स्वस्थ तरीके, कोरोना काल के दौरान समय प्रबंधन आदि के बारे में बताया। शिक्षकों को क्या करना चाहिए और विद्यार्थियों की वो किस प्रकार सहायता कर सकते है, इस विषय पर भी मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रो. सुरेंद्र सिंह ने सभी वक्ताओं, आयोजन समिति के सदस्यों के साथ-साथ प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Panjab Kesari** **Date: 29-01-2022**


# हकेंवि में कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

महेंद्रगढ़, 28 जनवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन (निगमित संचार) पर केंद्रित ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान में मुख्य संरक्षक व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सूचना तकनीकी के दौर में संचार तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में निगमित संचार आज विभिन्न संस्थानों के लिए बेहद उपयोगी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास की मदद से विश्वविद्यालय के सहभागियों को निगमित संचार के विभिन्न पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा।

विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक प्रभारी आलेख एस. नायक ने कार्यक्रम की शुरूआत में विषय का परिचय प्रस्तुत



कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन विषय पर आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान को संबोधित करते विशेषज्ञ।

किया और विशेषज्ञ वक्ता से प्रतिभागियों का परिचय करवाया। इसके पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आजाद भारत में विभिन्न क्षेत्रों में जारी बदलावों और भविष्य की योजनाओं को तैयार करने में यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो रहा है।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता रजनी नागपाल ने विस्तार से कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन के विभिन्न पक्षों से अवगत कराया और बताया कि संचार क्रांति के इस समय में किस तरह से इसके माध्यम से संस्थागत संचार व्यवस्था को बेहतर बना लक्षित परिणामों को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं से भी प्रतिभागियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय शिक्षक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डा. भारती बत्रा ने भी सहयोग प्रदान किया।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited ‘A’ Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Haribhoomi** **Date: 29-01-2022**

# तकनीक के दौर में संचार तंत्र महत्वपूर्णः कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के तहत कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन निगमित संचार पर केंद्रित ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान में मुख्य संरक्षक व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सूचना तकनीकी के दौर में संचार तंत्र महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में निगमित संचार आज विभिन्न संस्थानों के लिए बेहद उपयोगी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास की मदद से विश्वविद्यालय के सहभागियों को निगमित संचार के विभिन्न पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक प्रभारी आलेख एस नायक ने कार्यक्रम की शरूआत में विषय का परिचय प्रस्तुत किया और विशेषज्ञ वक्ता से प्रतिभागियों का परिचय करवाया। इसके पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल ऑफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आजाद भारत में विभिन्न क्षेत्रों में जारी बदलावों और भविष्य की योजनाओं को तैयार करने में यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो रहा है।



महेंद्रगढ़। ऑनलाइन व्याख्यान को संबोधित करते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता रजनी नागपाल ने विस्तार से कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन के विभिन्न पक्षों से अवगत करवाया और बताया कि संचार क्रांति के इस समय में किस तरह से इसके माध्यम से संस्थागत संचार व्यवस्था को बेहतर बना लक्षित परिणामों को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में विभागीय शिक्षक डा. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डा. भारती बत्रा ने भी सहयोग प्रदान किया।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Dainik Jagran** **Date: 29.01-2022**

# हकेंवि में कारपोरेट कम्यूनिकेशन पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा कारपोरेट कम्यूनिकेशन (निगमित संचार) पर केंद्रित आनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत आयोजित इस व्याख्यान में मुख्य संरक्षक व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि सूचना तकनीकी के दौर में संचार तंत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में निगमित संचार आज विभिन्न संस्थानों के लिए बेहद उपयोगी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस प्रयास की मदद से विश्वविद्यालय के सहभागियों को निगमित संचार के विभिन्न पक्षों को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षक प्रभारी आलेख एस नायक ने कार्यक्रम की शुरूआत में विषय का परिचय प्रस्तुत किया और विशेषज्ञ वक्ता से प्रतिभागियों का परिचय कराया। इसके पश्चात आजादी का अमृत महोत्सव अभियान की नोडल आफिसर प्रो. सारिका शर्मा ने विश्वविद्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आजाद भारत में विभिन्न क्षेत्रों में जारी बदलावों और भविष्य की योजनाओं को तैयार करने में यह अभियान बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता रजनी नागपाल ने विस्तार से कारपोरेट कम्यूनिकेशन के विभिन्न पक्षों से अवगत कराया और बताया कि संचार क्रांति के इस समय में किस तरह से इसके माध्यम से संस्थागत संचार व्यवस्था को बेहतर बना लक्षित परिणामों को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार की संभावनाओं से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विभागीय शिक्षक डा. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की सहायक आचार्य डा. भारती बत्रा ने भी सहयोग प्रदान किया।



कारपोरेट कम्यूनिकेशन विषय पर आयोजित आनलाइन व्याख्यान को संबोधित करते विशेषज्ञ ● सौ. हकेंवि